साईबर ठगो की धमकियों के चलते,
20 वर्ष का युवक हॉस्टल से हुआ लापता!!!

गु
म
शु
दा

गु
म
शु
दा

नाम:- प्रखर जोशी पुत्र कमलेश कुमार जोशी

उम्र:-20 वर्ष

हुलिया गुमशुदा:-हल्की दाढ़ी,बाल बड़े हुए,लंबाई 5’8”

वर्तमान पता:-प्रतिभा हॉस्टल,129,हिम्मत नगर,टोंक रोड,जयपुर

स्थायी पता:-नयी नागरी,मांडल,जिला भीलवाडा

संपर्क सूत्र:-9460804120,9414111962

देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ...
जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल
JAWAB DO SARKAR ™
www.jawabdosarkar.com
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जारी
सूचना प्रोद्योगिकी(मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता)नियम,2021 के नियम 18 के तहत संचालित पोर्टल

रेफरेंस संख्या –2022/tpf/01 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | मंगलवार, 10 मई 2022

पार्ट टाइम जॉब के नाम पर,युवाओ के साथ खुलेआम चल रहा ठगी करने का खेल!!!

यूं तो जब से साइबर युग का उदय हुआ है तब से साइबर क्राइम का उसके साथ चोली-दामन का साथ रहा है|सोशल मीडिया पर दोस्ती,इनामो के ऑफर,कस्टमरकेयर के नाम ओटीपी की जानकारी कर खाते से पैसे निकालने के कई किस्से आपने सुने होंगे,लेकिन अब साइबर ठगो द्वारा पार्ट टाइम जॉब के नाम पर युवाओ के साथ खुलेआम ठगी के साथ साथ डरा-धमकाकर,रुपए एंठने का खेल खेला जा रहा है|

इन्ही साइबर ठगो के चक्कर मे आकर बीस वर्षीय, माँडल(भीलवाडा)निवासी प्रखर जोशी ना केवल अपना धन गंवा बैठे बल्कि साइबर ठगो की धमकी के चलते दिनांक 05/05/2022 को शाम 4.30 बजे से अपना हॉस्टल छोड़कर,लापता हो गए है|

कंपीटीशन की तैयारियों के लिए अपने भाई के साथ भीलवाडा से जयपुर आकर हॉस्टल मे पढ़ने वाले छात्र प्रखर जोशी ने अपने समय का सदुपयोग करना चाहा और ऑनलाइन पार्ट टाइम वर्क करने की ठानी|

इसके लिए उसने इंटरनेट पर सर्च करके एक कंपनी से संपर्क किया,कंपनी ने उसे एक नहीं होने वाला, नामुमकिन सा टास्क दिया और प्रखर जोशी का एक अकाउंट बना दिया|लेकिन अपनी दैनिक कोचिंग और पढ़ाई के चलते प्रखर इस काम पर ध्यान नहीं दे पाया और टास्क पूरा नहीं कर सका|कंपनी से टास्क लेने के 5 दिन बाद यकायक कंपनी के एक नुमाइंदे का फोन आता है और अपने आप को लीगल सेल का बता कर,प्रखर को धमकाने लग जाता है,कंपनी के इस नुमाइंदे के अनुसार "ब्रीच ऑफ एग्रीमेंट" के चलते एक मोटी धन राशि जमा करवाने के लिए प्रखर पर भारी दबाव बनाया गया|उसे यहाँ तक धमकी दी गयी कि यदि उसने यह राशि जमा नहीं करवायी उसके विरुद्ध कोर्ट मे कानूनी कार्यवाही की जाएगी|इस धमकी से घबरा कर,प्रखर ने कुछ राशि धमकी देनेवाले के अकाउंट मे जमा भी करवा दी गयी|लेकिन इसके बावजूद उस पर अधिक पैसा जमा करवाने का दबाव बनाया गया|जिसके चलते आखिरकार प्रखर अपना मोबाइल,पर्स हॉस्टल पर ही छोड़कर,बिना किसी को बताया लापता हो गया|

बहरहाल परिजनो द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाने के पश्चयात,स्थानीय पुलिस अपना काम कर रही है और प्रखर के तमाम घरवाले भी अपना प्रयास कर रहे है|लेकिन इसके बावजूद प्रखर का कहीं सुराख नहीं लग पा रहा है|

यह आलेख www.jawabdosarkar.com पोर्टल पर प्रकाशित किया गया है|पाठको की सुविधा एवं जिम्मेदार अधिकारियों/विभागो के संज्ञान मे लाने के लिए पोर्टल पर प्रकाशित आलेखो को पीडीएफ़ फोर्मेट मे प्रकाशित किया जाता है|पोर्टल द्वारा किसी नियमित एवं निश्चित प्रसार संख्या वाले किसी समाचार पत्र/पत्रिका का प्रकाशन नहीं किया जाता है| पाठको से अनुरोध है कि इस आलेख को अधिक से अधिक जन हित मे प्रसारित/शेयर करें|